कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर

प्रेस- नोट, जनपद फतेहपुर

दिनांक 21.05.2026

थाना कोतवाली पुलिस,एसओजी व इंटेलीजेंस विंग की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा छिनैती की घटना का 72 घण्टे के अंदर सफल अनावरण करते हुए संलिप्त एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

घटना का संक्षिप्त विवरणः- दिनांक 18.05.2026 को वादी द्वारा दी गई तहरीरी सूचना बाबत वादी की माता जी जो रोज मंदिर में पूजा करने जाती हैं,दिनांक 17.05.2026 को लगभग 10.00 बजे पूजा करने के बाद मंदिर से वापस घर वापस लौटते समय एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा मुराइनटोला हनुमान मन्दिर के सामने वाली गली में पीछे से माता जी के गले से मंगलसूत्र छीनकर भाग गया था। उक्त सूचना के आधार पर थाना कोतवाली पर मु0अ0स0 204/2026 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

गिरफ्तारी का विवरणः- पुलिस अधीक्षक फतेहपुर श्री अभिमन्यु मांगलिक द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की त्वरित गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा छिनैती के पंजीकृत अभियोग अ0स0 204/2026 धारा 304(2) बीएनएस की विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम घटना में संलिप्त एक शातिर अभियुक्त निशांत सिंह पुत्र रज्जन निवासी शहजादीपुर जोनिहा थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर हाल पता राम अग्रहरि डिग्री कॉलेज के पास गाजीपुर बस स्टॉप थाना राधानगर जनपद फतेहपुर उम्र लगभग 20 वर्ष को आईटीआई रोड, जीजीआईसी के सामने से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 लॉकेट, 04 मोती व घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल व एक रेंजर साइकिल बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी कर गिरफ्तार अभियुक्त को विधिक अनुक्रम में मा0 न्यायालय भेजा गया।

पूछताछ का विवरणः-

पूछताछ के दौरान अभियुक्त निशांत ने बताया कि वह घटना से पूर्व ही क्रिकेट बेटिंग एप पर पैसे लगाता था। बेटिंग में अधिक पैसे हार जाने के कारण उसे अपने घर पर पैसों के संबंध में जवाब देना पड़ता तथा उसे यह डर था कि उसके माता-पिता उसे डांटेंगे। इसी मानसिक दबाव एवं भय के कारण उसने दिनांक 17.05.2026 को उक्त महिला के साथ घटना कारित की।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताः-

निशांत सिंह पुत्र रज्जन उम्र करीब 20 वर्ष, निवासी शहजादीपुर जोनिहा थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर, हाल पता राम अग्रहरि डिग्री कॉलेज के पास गाजीपुर बस स्टॉप थाना राधानगर जनपद फतेहपुर।

गिरफ्तारी का स्थान,दिनांक व समय-

आईटीआई रोड जीजीआईसी थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर के सामने, दिनांक 21.05.2026, समय करीब 02.13 बजे

बरामदगी का विवरणः-

1.	01 लॉकेट
2.	04 मोती
3.	घटना में प्रयुक्त मोबाइल
4.	एक रेंजर साइकिल

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

टीम-A
थाना कोतवाली पुलिस टीम

1.उ0नि0 रीतेश कुमार राय थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर
2. उ0नि0 गिरीश धर दुबे
3. हे0का0 सिपाही यादव
4. रि0का0 आयुष गोंड

टीम-B
एसओजी टीम

1.का0 राहुल कुमार
2.का0 अभिमन्यु

टीम-C
इंटेलीजेंस विंग टीम

1. हे0का0 मनोज कुमार
2. का0 विवेक कुमार

सोशल मीडिया सेल
जनपद फतेहपुर